# असमान आर्थिक विकास पर संजीव सान्याल ने जताई चिंता




केडी पार्थ, सन्मार्ग संवाददाता

**कोलकाता :** भारतीय राज्यों के बीच असमान आर्थिक विकास को लेकर प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कोलकाता के एक होटल में आयोजित कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक सेमिनार में भारत की आर्थिक स्थिति और केंद्रीय बजट 2026 पर विस्तार से विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैंबर के अध्यक्ष अनंत सहारिया ने की। सान्याल ने कहा कि 1991 के बाद दक्षिणी राज्यों ने तेज प्रगति की और आज वे भारत की जीडीपी में 30 प्रतिशत से अधिक योगदान दे रहे हैं, जबकि पूर्वी और कुछ उत्तरी राज्य अब भी पीछे हैं। उन्होंने कोलकाता के औद्योगिक पतन और कमजोर बुनियादी ढांचे को पूर्वी भारत की धीमी रफ्तार का बड़ा कारण बताया। उन्होंने क्षेत्रीय विकास के लिए एंकर शहरों की भूमिका पर जोर दिया। बजट 2026 की सराहना करते हुए उन्होंने पूंजी निवेश, राजकोषीय घाटा घटाने, परिसंपत्ति मुद्रीकरण और नवाचार को बढ़ावा देने की जरूरत बताई। सेमिनार का संचालन सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग झुनझुनवाला ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन वाइस प्रेसिडेंट पुरुषोत्तम अग्रवाल ने दिया।